अति आवश्यक

जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रमांक जीविवि/सी.ए.आर/2012/187 दिनांक 18.12.2012

प्रति,

प्राचार्य/वरिष्ठ केन्द्राध्यक्ष
संबंधित समस्त महाविद्यालय
जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

विषयः बी.ए./बी.एससी/बी.कॉम/बी.एच.एससी. तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के संशोधित परीक्षा कार्यक्रम अनुसार परीक्षा संपन्न कराने बावत्।

महोदय/महोदया,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि बी.ए./बी.एससी/बी.कॉम/बी.एच. एससी. तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर परीक्षायें जो दिनांक 12.12.2012 से प्रारम्भ होना थी, परन्तु अपरिहार्य कारणों से उपरोक्त परीक्षायें स्थगित कर संशोधित परीक्षा कार्यक्रमानुसार अब दिनांक 21.12.2012 से सम्पन्न की जाना है जिसके प्रश्नपत्रों के लिफाफों में पूर्व परीक्षा कार्यक्रमानुसार **(दिनांक 12.12.2012 से प्रारम्भ अनुसार)** दिनांक एवं समय प्रिण्ट हो गये हैं।

अतः निवेदन है कि प्रश्नपत्रों के लिफाफों में मुद्रित दिनांक एवं समय को सावधानीपूर्वक जांच कर संशोधित परीक्षा कार्यक्रमानुसार लिफाफों में मुद्रित तिथि एवं समय संशोधित कर परीक्षा सम्पन्न कराने में विश्वविद्यालय को सहयोग प्रदान करने का कष्ट करें।

कुलसचिव